# Daily Current Affairs

Date : 21 November, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका

| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | जिंक पार्क |
| 2. | अरुंधति चौधरी – वर्ल्ड चैम्पियन |
| 3. | जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 2026 – |
| 4. | राजस्थान ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) पॉलिसी-2025 |
| 5. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. ऑटोमेटेड ड्राइविंग ट्रैक |
| 6. | एएमआर 2.0 पर राष्ट्रीय कार्य योजना |
| 7. | द्रवित पेट्रोलियम गैस (LPG) |
| 8. | रीसस बंदर |
| 9. | लीडरशिप ग्रुप फॉर इंडस्ट्री ट्रांजिशन (LeadIT) |
| 10. | 16वां वित्त आयोग |
| 11. | राष्ट्रीय औद्योगिक वर्गीकरण |
| 12. | दसवीं अनुसूची (दल-बदल विरोधी कानून) |
| 13. | बटुकेश्वर दत्त |
| 14. | भारतीय फुटबॉल टीम की फीफा रैंकिंग |
| 15. | अफ्रीकन फुटबॉलर ऑफ द ईयर अवॉर्ड |
| 16. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. भारत-यूरेशियन आर्थिक संघ (EAEU)<br>2. हनोई कन्वेंशन<br>3. सेंटिनल-6बी |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## जिंक पार्क

**चर्चा में क्यों?**

- **राजस्थान में बनेगा पहला जिंक पार्क**

**मुख्य बिन्दु:**

i. **राजस्थान में हिन्दूस्तान जिंक और रीको ने उद्योगपत्तियों एवं निवेशकों के मध्य विस्तृत चर्चा की।**

ii. **राजस्थान के इस पार्क में जिंक संबंधी यूनिट्स, एंसिलरी लगाई जा सकेगी।**

iii. **यह जिंक पार्क प्रदेश को मेंटल्स और मैनुफैक्चरिंग के लिए ग्लोबल हब के तौर पर उभरने में मदद करेगा।**

**घोषणा:-**

- **दिसंबर, 2024 में वेदांता ग्रुप के चैयरमेन अनिल अग्रवाल ने 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल समिट' में जिंक पार्क की घोषणा की।**
- **यह जिंक पार्क राजस्थान में चंदेरिया, दरीबा और और देबारी में हिन्दूस्तान जिंक के माइनिंग और स्मेल्टिंग ऑपरेशन के पास स्थापित करने की योजना है।**
- **इस जिंक पार्क में जिंक, लेड, सिल्वर और उससे जुड़े मेटल वैल्यू चेन में इनोवेशन, मैन्युफैक्चरिंग और वैल्यु एडिशन के लिए एक नया इंडस्ट्रियल इकोसिस्टम बनने का प्रस्ताव है।**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अरुंधति चौधरी – वर्ल्ड चैम्पियन

## चर्चा में क्यों?

- **फाइनल मुकाबला:** उज़्बेकिस्तान की बॉक्सर जोकिरोवा अजीजा को 5-0 से हराया

## मुख्य बिन्दु:

- अरुंधति चौधरी के बारे में मुख्य जानकारी
- **मूल स्थान:** कोटा, राजस्थान
- **इवेंट:** वर्ल्ड बॉक्सिंग चैम्पियनशिप 2025, ग्रेटर नोएडा
- **वज़न वर्ग:** 70 किलो कैटेगरी

### उपलब्धियाँ:

- यूथ वर्ल्ड चैंपियनशिप में पहले भी विश्व विजेता
- अब तक भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 7 स्वर्ण पदक दिलाए।
- **कोच:** अशोक गौतम (2016 से ट्रेनिंग)
- **वर्तमान पद:** भारतीय सेना में हवलदार

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 2026

## चर्चा में क्यों?

- जेएलएफ में शामिल होंगे सुधा मूर्ति, वीर दास और विश्वनाथन

## मुख्य बिन्दु:

- **संस्करण:** 19वाँ संस्करण
- **तिथि:** 15–19 जनवरी 2026
- **स्थान:** होटल क्लार्क्स आमेर, जयपुर

### प्रमुख आकर्षण

- **विषय-वस्तु:** साहित्य, इतिहास, जीवनी, विज्ञान, संस्कृति, कला और विचारों का उत्सव

### वक्ताओं की सूची:

- **सह-निदेशक:** नमिता गोखले, विलियम डेलरिम्पल
- **लेखक/रचनाकार:** अमीश, अनुराधा रॉय, ऐनी एप्पलबाम, किरण देसाई, रिचर्ड फ्लैनगन, जीत थायिल, तमीम अल-बरगूती
- **पुरस्कार विजेता:** नोबेल पुरस्कार विजेता, बुकर पुरस्कार प्राप्त लेखक, साहित्य अकादमी सम्मानित रचनाकार
- **अर्थशास्त्री/नीति-निर्माता:** अरविंद सुब्रमण्यन, एस्तेर डुफ्लो, निकोलस स्टर्न

### खेल व मनोरंजन जगत:

- विश्वनाथन आनंद (शतरंज ग्रैंडमास्टर)
- सुधा मूर्ति (लेखिका व समाजसेवी)
- वीर दास (कॉमेडियन/अभिनेता)
- स्टीफन फ्राय (लेखक/कलाकार)
- महाराजा गज सिंह द्वितीय (मारवाड़-जोधपुर)



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) पॉलिसी-2025

## चर्चा में क्यों?

### उद्देश्य :-

- राजस्थान को ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) का पसंदीदा गंतव्य बनाना, प्रदेश के बिजनेस इकोसिस्टम को सशक्त कर निवेश आकर्षित करना और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना।

## मुख्य बिन्दु:

### प्रमुख विशेषताएँ :-

- किफायती ऑपरेशनल लागत, बेहतर कनेक्टिविटी (एनसीआर, डीएमआईसी), सशक्त बुनियादी ढांचा और कुशल कार्यबल निवेशकों को आकर्षित करने में सहायक।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने नीति को मंजूरी दी।
प्रदेश में जीसीसी के लिए आवेदन प्रक्रिया राजनिवेश सिंगल विंडो पोर्टल से संचालित होगी।

### आवेदन प्रक्रिया :-

- प्रोजेक्ट इवेल्यूएशन कमेटी (पीईसी) आवेदनों की डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट 60 दिनों में प्रोजेक्ट अप्रूवल कमेटी (पीएसी) को प्रस्तुत करेगी।
- पीएसी 60 दिनों के भीतर आवेदन पर निर्णय देगी।
- उद्योग एवं वाणिज्य विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है, कार्यकारी निदेशक रीको, पीईसी और प्रशासनिक सचिव उद्योग विभाग पीएसी के अध्यक्ष होंगे।

### नीति के लक्षित लक्ष्य :-

- वर्ष 2030 तक प्रदेश में 200 से अधिक जीसीसी स्थापित करना।
- 1.5 लाख रोजगार सृजन।
- भारत के 100 अरब डॉलर के जीसीसी बाजार में राजस्थान का महत्वपूर्ण योगदान।
- जयपुर, उदयपुर, जोधपुर आदि शहरों को जीसीसी हब के रूप में विकसित करना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### वित्तीय एवं अन्य प्रोत्साहन (रिप्स-2024 के तहत):

- परियोजना लागत का 30% या अधिकतम 10 करोड़ रुपये तक पूंजी निवेश सब्सिडी ।
- भूमि/लीज क्षेत्र की लागत का 50% या अधिकतम 1 करोड़ रुपये तक लैण्ड कॉस्ट इंसेंटिव।
- कर्मचारियों के वेतन पर तीन वर्ष तक 30% पेरोल सब्सिडी (अधिकतम 1.25 लाख रुपये प्रति कर्मचारी प्रति वर्ष)।
- यह सब्सिडी कुल 10 करोड़ रुपये प्रति जीसीसी प्रति वर्ष तक सीमित।
- किराए पर संचालित इकाइयों को पहले 3 वर्षों तक किराए का 50% और अगले 2 वर्षों तक 25% रेंटल असिस्टेंस, अधिकतम 5 करोड़ रुपये प्रति वर्ष।
- कौशल विकास प्रशिक्षण लागत का 50%, अधिकतम 2.5 करोड़ रुपये प्रति जीसीसी प्रति वर्ष।
- पर्यावरण-अनुकूल नवाचारों के लिए ग्रीन इंसेंटिव ।
- अनुसंधान एवं विकास, पेटेंट, कॉपीराइट आदि पर 50% सहायता।
- स्टांप ड्यूटी और बिजली शुल्क में छूट।

### जीसीसी की वैश्विक भूमिका:

- 2024 में भारत में जीसीसी उद्योग में लगभग 1.9 मिलियन वर्कफोर्स नियोजित।
- इस उद्योग का भारतीय अर्थव्यवस्था में 64.6 बिलियन डॉलर का योगदान।
- 2030 तक जीसीसी इंडस्ट्री से 110 बिलियन डॉलर का योगदान अपेक्षित।

### नीति का आर्थिक प्रभाव:

- बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए नवाचार, दक्षता और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि।
- स्थानीय प्रतिभा के प्रशिक्षण और कौशल विकास में सहायता।
- बड़े औद्योगिक केन्द्रों तक बेहतर कनेक्टिविटी के माध्यम से बाजारों की सहज उपलब्धता।
- यह नीति राजस्थान में जीसीसी निवेश को आकर्षित करने, रोजगार सृजन में वृद्धि करने और आर्थिक विकास को मजबूत करने हेतु व्यवस्थित एवं समर्पित प्रयास है। सभी आवेदकों को राजनिवेश पोर्टल से आवेदन करना होगा तथा आवेदन प्रक्रिया सरल एवं त्वरित है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **ऑटोमेटेड ड्राइविंग ट्रैक**<br>■ राजसमंद में ड्राइविंग लाइसेंस के लिए ऑटोमेटेड ड्राइविंग ट्रैक का निर्माण किया जा रहा है, जिसके बाद सक्षम व योग्य वाहन चालकों के ही ड्राइविंग लाइसेंस बनेंगे।<br>■ इसके लिए राज्य सरकार और मारूति कंपनी के बीच एमओयू हुआ है। |

UTKARSH CIVIL SERVICES



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## एएमआर 2.0 पर राष्ट्रीय कार्य योजना

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने रोगाणुरोधी प्रतिरोध (एनएपी-एएमआर) (2025-29) पर राष्ट्रीय कार्य योजना का दूसरा संस्करण लॉन्च किया।

### मुख्य बिन्दु:

**एनएपी-एएमआर 2.0 (2025–29)**

- यह एनएपी-एएमआर 1.0 (2017-2021) की कमियों को दूर करता है, जिसमें निगरानी को मजबूत करना, सार्वजनिक जागरूकता का विस्तार करना, निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ाना और नियामक और प्रयोगशाला क्षमता में सुधार करना शामिल है।
- यह एक मजबूत वन हेल्थ दृष्टिकोण को अपनाता है, जिसमें मानव स्वास्थ्य, पशु स्वास्थ्य, कृषि, खाद्य प्रणालियों और पर्यावरण के बीच समन्वय शामिल है। इसमें 20 से अधिक मंत्रालय शामिल।

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## द्रवित पेट्रोलियम गैस (LPG)

### चर्चा में क्यों?

- भारत ने संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ अपना पहला संरचित LPG आपूर्ति समझौता किया। इसके तहत भारत वर्ष 2026 के लिए 2.2 MTPA LPG आयात करेगा। यह भारत की कुल मांग का लगभग 10% है।

### मुख्य बिन्दु:

LPG के बारे में

- **संरचना:** इसमें 50-60% प्रोपेन और 40-50% ब्यूटेन होती हैं।
- **उत्पादन और आयात:** घरेलू उत्पादन लगभग 12.8 MT (35%)। आयात 21 MT से अधिक (65%)।
- **आयात स्रोत:** कतर सबसे बड़ा स्रोत है। इसके बाद संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और सऊदी अरब का स्थान है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## रीसस बंदर

### चर्चा में क्यों?

- राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड ने वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची II के अंतर्गत रीसस मैकाक को पुन: शामिल करने की सिफारिश की है, जिससे वैज्ञानिक प्रबंधन को सक्षम बनाने, तस्करी और क्रूरता को रोकने, तथा संघर्ष समाधान में वन विभागों को सशक्त बनाने के लिए वैधानिक संरक्षण बहाल किया जा सके।

### मुख्य बिन्दु:

- **आवास:** यह एक दिनचर, सर्वाहारी प्रजाति है जो पेड़ों और जमीन दोनों पर रहती है।
- **वितरण :** यह दक्षिणी एशिया के अधिकांश भाग, पूर्वी अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, चीन और भारत में पाया जाता है।

**संरक्षण स्थिति:**

- **IUCN:** न्यूनतम चिंताजनक
- **CITES:** परिशिष्ट II


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# लीडरशिप ग्रुप फॉर इंडस्ट्री ट्रांजिशन (LeadIT)

## चर्चा में क्यों?

- ब्राजील के बेलेम में आयोजित सीओपी30 में भारत के केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने LeadIT उद्योग के गोलमेज सम्मेलन को संबोधित किया तथा निम्न-कार्बन औद्योगिक परिवर्तन में भारत की भूमिका की पुनः पुष्टि की।

## मुख्य बिन्दु:

- **सदस्य:** इसमें 18 सदस्य देश और 27 कंपनियां शामिल हैं।
- **शुभारंभ:** 2019, भारत और स्वीडन द्वारा संयुक्त रूप से, संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में विश्व आर्थिक मंच के समर्थन से।
- **उद्देश्य:** 2050 तक भारी उद्योगों से नेट जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करना।
- LeadIT 2.0 (2024-2026), सीओपी28 (दुबई) में लीडआईटी शिखर सम्मेलन के दौरान अपनाया गया। LeadIT 2.0 का उद्देश्य संवाद से कार्यान्वयन की ओर बढ़ना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आर्थिक परिदृश्य

## 16वां वित्त आयोग

### चर्चा में क्यों?

- 16वें वित्त आयोग ने अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंप दी है, जो 2026-31 की अवधि के लिए लागू होगी।

### मुख्य बिन्दु:

- **गठन:** संविधान के अनुच्छेद 280(1) के तहत राष्ट्रपति द्वारा।
- **अध्यक्ष:** अरविंद पनगढ़िया (नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष)।

**विचारार्थ विषय:**

- करों के शुद्ध आगमों का संघ और राज्यों के बीच वितरण तथा राज्यों के बीच ऐसे आगमों का आवंटन।
- संविधान के अनुच्छेद 275 के तहत सहायता अनुदान और राज्य के राजस्व को शासित करने वाले सिद्धांत।
- संबंधित राज्य वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर पंचायतों और नगरपालिकाओं के संसाधनों की पूर्ति के लिए किसी राज्य की संचित निधि को बढ़ाने हेतु आवश्यक उपाय।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय औद्योगिक वर्गीकरण

## चर्चा में क्यों?

- सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) ने राष्ट्रीय औद्योगिक वर्गीकरण (NIC)– 2025 जारी किया।

## मुख्य बिन्दु:

### अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु:

- एनआईसी 2025, वर्गीकरण प्रणाली को अद्यतन करता है, 6 अंकों की संरचना प्रस्तुत करता है तथा बेहतर आर्थिक आंकड़ों और नीति निर्माण के लिए डिजिटल अर्थव्यवस्था, हरित ऊर्जा और स्वदेशी उद्योगों जैसे उभरते क्षेत्रों को मान्यता देता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजव्यवस्था

## दसवीं अनुसूची (दल-बदल विरोधी कानून)

### चर्चा में क्यों?

- सुप्रीम कोर्ट ने दसवीं अनुसूची के तहत विधायकों की अयोग्यता में देरी के लिए तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष की आलोचना की और कहा कि अध्यक्ष एक न्यायाधिकरण की तरह काम करते हैं और उन्हें कोई संवैधानिक छूट नहीं है।

### मुख्य बिन्दु:

**अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु:**

- इस कानून का उद्देश्य दलबदल को रोकना और सरकार की स्थिरता सुनिश्चित करना है।
- संविधान में यह अनुसूची 1985 में 52वें संविधान संशोधन द्वारा जोड़ी गई थी। यह अनुसूची उन आधारों और प्रक्रियाओं को निर्धारित करती है जिनके तहत सांसदों और विधायकों को उनकी सदस्यता से अयोग्य ठहराया जा सकता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# व्यक्तित्व

## बटुकेश्वर दत्त

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में बटुकेश्वर दत्त की जयंती मनाई गई।

### मुख्य बिन्दु:

- **जन्म:** 1910 ई. बंगाल
- वह वर्ष1929 में सेंट्रल असेंबली बम विस्फोट में भगत सिंह के साथी थे।

**स्वतंत्रता संग्राम में भूमिका**

- वह हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के सदस्य थे। उन्हें दिल्ली असेंबली बम कांड में दोषी ठहराया गया था।
- 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और उन्होंने चार साल जेल में बिताए।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल

## भारतीय फुटबॉल टीम की फीफा रैंकिंग

### चर्चा में क्यों?

- भारतीय फुटबॉल टीम फीफा रैंकिंग में अब 142वें स्थान पर आ गई है।



### मुख्य बिन्दु:

- भारतीय फुटबॉल टीम फीफा रैंकिंग में अब 142वें स्थान पर आ गई है।
- यह रैंकिंग हाल में ही एशियाई कप 2027 क्वालीफायर में बांग्लादेश से 0-1 की हार के बाद आया है।
- टीम पिछले महीने सिंगापुर से हुई हार के कारण भी एशिया कप से बाहर हो चुकी है।
- यह अक्टूबर 2016 के बाद टीम की सबसे खराब रैंकिंग है, जब वह 148वें स्थान पर थी।
- भारतीय टीम एशिया की 46 टीमों में 27वें स्थान पर है और उसकी शीर्षतम रैंकिंग 94 थी, जो फरवरी 1996 में मिली थी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अफ्रीकन फुटबॉलर ऑफ द ईयर अवॉर्ड

**चर्चा में क्यों?**

- **अशरफ हकीमी ने अफ्रीकन फुटबॉलर ऑफ द ईयर अवॉर्ड जीता है।**



**मुख्य बिन्दु:**

- **मोरक्को के स्टार फुटबॉलर और पेरिस सेंट-जर्मन Paris Saint-Germain - PSG) के डिफेंडर 27 वर्षीय अशरफ हकीमी ने अफ्रीकन फुटबॉलर ऑफ द ईयर 2025 का अवॉर्ड जीत लिया है। उन्होंने मोहम्मद सलाह और विक्टर ओसिमेन को पछाड़कर ये अवॉर्ड अपने नाम किया।**
- **अशरफ हकीमी 52 सालों में यह सम्मान पाने वाले पहले डिफेंडर हैं। इससे पहले 1973 में जैरे (कांगो) के बवांगा शिमेन को ये सम्मान मिला था।**
- **अशरफ 1998 में मुस्तफा हडजी के बाद यह अवॉर्ड जीतने वाले पहले मोरक्कन खिलाड़ी हैं।**

**'अफ्रीकन फुटबॉलर ऑफ द ईयर' पुरस्कार के बारे में -**

- **अफ्रीकी फुटबॉल परिसंघ Confederation of African Football - CAF) द्वारा प्रतिवर्ष अफ्रीका के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी को दिया जाता है। इसे CAF Player of the Year पुरस्कार के नाम से भी जाना जाता है। यह पुरस्कार 1992 से CAF द्वारा प्रदान किया जा रहा है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **भारत-यूरेशियन आर्थिक संघ (EAEU)**<br>■ भारत और रूस ने मास्को में 2030 तक 100 बिलियन डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार को प्राप्त करने के अपने संकल्प को दोहराया और वस्तुओं में भारत-यूरेशियन आर्थिक संघ (ईएईयू) मुक्त व्यापार समझौते के लिए कदमों की समीक्षा की।<br>■ EAEU एक अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संघ और मुक्त व्यापार क्षेत्र है जिसमें आर्मेनिया, बेलारूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान और रूस शामिल हैं, जिसकी स्थापना 2014 में यूरेशियन आर्थिक संघ संधि द्वारा की गई थी और यह जनवरी 2015 से प्रभावी है। |
| 2. | **हनोई कन्वेंशन**<br>■ साइबर अपराध से निपटने के उद्देश्य से 72 देशों ने हनोई में साइबर अपराध के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन संधि पर हस्ताक्षर किए हैं ।<br>■ प्रथम सार्वभौमिक अभिसमय: यह अभिसमय साइबर अपराध के विरुद्ध अपराधों की जांच और अभियोजन के लिए प्रथम सार्वभौमिक ढांचा स्थापित करता है।<br>■ बाध्यकारी: संयुक्त राष्ट्र साइबर अपराध अभिसमय एक शक्तिशाली, कानूनी रूप से बाध्यकारी साधन है। |
| 3. | **सेंटिनल-6बी**<br>■ सेंटिनल-6बी को अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित वैंडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस से प्रक्षेपित किया गया है।<br>■ महत्ता: यह एक महासागर-ट्रैकिंग उपग्रह है, जो बढ़ते समुद्र स्तर और ग्रह पर इसके प्रभावों को मापेंगे।<br>■ संयुक्त मिशन: यह नासा, राष्ट्रीय महासागरीय और वायुमंडलीय प्रशासन (NOAA) तथा यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी का संयुक्त मिशन है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR